तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 टीबी से घबराने की जरूरत नहीं, इलाज संभव : लखनलाल



## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने किया प्रशासनिक फेरबदल

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ कुछ अधिकारी एवं कर्मचारियों का अस्थायी स्थानांतरण किया गया है। यह आदेश अग्रिम आदेश तक प्रभावशील रहेगा। संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर तत्काल आमद देने के निर्देश दिए गए हैं। सउनि लक्ष्मी प्रसाद कुर्रे को रक्षित केंद्र कोरबा से थाना पसान में अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। प्रधान आरक्षक 318 धनंजय तिवारी को चौकी मोरगा से थाना सिविल लाइन रामपुर स्थानांतरित किया गया है। प्रधान आरक्षक 73 शैलेन्द्र भोसले को थाना पसान से चौकी मोरगा में पदस्थ किया गया है। प्रधान आरक्षक 316 जय प्रकाश यादव को रक्षित केंद्र कोरबा से श्यांग थाना भेजा गया है। महिला आरक्षक 864 अनुराधा कंवर को थाना श्यांग से रक्षित केंद्र कोरबा में अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश में सभी संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश दिनांक 8 जनवरी से प्रभावशील है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 15 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 15 जनवरी को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 4 नियोजकों जिफ्सा, आईसेक्ट, प्रमेरिका लाईफ इंश्योरेंस लिमि0 रायपुर, फिजिक्स वालाह के द्वारा निम्नांकित पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। जिफ्सा के 42 पद, आईसेक्ट सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह-2 सेल्स रिप्रेन्टेटिव्ह-1 वासिंग परसन-2 महिला, मैनेजर-1 टेक्निकल (मैकेनिकल)-2, प्रमेरिका-ऑफिसर परम-15, फिजिक्स वालाह-कैरियर काउंसलर-5, टैली कॉलर-5, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह-4 रिक्त पदों के लिए, आयुसीमा-18 वर्ष से 45 वर्ष तक एवं योग्यता-10वीं, आईटीआई स्नातक बीएससी साईंस कार्यस्थल कोरबा वेतनमान रूपये 10 हजार से 30 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### राज्यकर अधिकारियों को मिली पदोन्नति

**कोरबा।** वाणिज्यिक कर विभाग मंत्रालय द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक उपरांत पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। बैठक में अनुशंसा के आधार पर, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग के 16 राज्य कर अधिकारियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य कर सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नत किया गया है। इनमें कोरबा पुरानी बस्ती निवासी राज्य कर अधिकारी कौशलेन्द्र तिवारी भी शामिल हैं। कौशलेन्द्र तिवारी वर्तमान में कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, कोण्डागांव वृत्त में सेवा दे रहे हैं। जारी आदेश में कहा गया है की उपरोक्त पदोन्नत राज्य कर सहायक आयुक्त की पदस्थापना पृथक से की जाएगी।

### चैतुरगढ़ पहुंचा दंतैल 3 हाथी पहुंचे कुदमुरा

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में विचरण कर रहा दंतैल हाथी अब चैतुरगढ़ पहाड़ी पर पहुंच गया है। कोरबा वन मंडल में हाथियों की संख्या 14 हो गई है। 3 हाथी धरमजयगढ़ वनमंडल से कुदमुरा रेंज पहुंच गए हैं। वन विभाग ने आसपास गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। पाली रेंज के रतखंडी, पहाड़गांव, जेमरा में लंबे समय बाद दंतैल हाथी के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने सुबह जंगल के बीच खेत में हाथी के पद चिन्ह देखे। इसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग ने पुष्टि करने के बाद आसपास के गांवों में लोगों को सतर्क रहने मुनादी कराई है। कटघोरा वन मंडल में 53 से अधिक हाथी घूम रहे हैं।

# जनमन की सड़क बेमन से बनी, चार दिन में ही उखड़ने लगी डामर की परत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के लिए पीएम जनमन योजना लागू की गई थी। इस योजना अंतर्गत बनाई जा रही सड़क ग्रामीणों के मन के हिसाब से नहीं बन रही। इसकी शिकायत निर्माण के दिन से ही सामने आने लगी है। चचिया से सीताबुड़ा तक 2 किमी लंबी सड़क में चार दिन पहले किया गया डामरीकरण उखड़ने लगा है।

जिले में कुल 21 जनमन सड़क स्वीकृत की गई थी इसके तहत बीते दो वर्ष में एक सड़क पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत शिवपुर में ही पूरी हो सकी थी। इसके बाद 28 सितंबर 2024 को कोरबा विकासखंड के ग्राम चचिया से सीताबुड़ा तक दो किमी लंबी सडक निर्माण के लिए 1 करोड 18 लाख 7 हजार रुपए स्वीकृत की गई थी और इस सड़क का काम 28 सितंबर 2024 को स्वीकृत किया गया था। जिसे 28 सितंबर 2025 को पूरा करने का समय दिया गया था। किंतु निर्माण कंपनी ने समयावधि में सड़क निर्माण पूरा नहीं किया और जनवरी 2026 तक सड़क निर्माण कर डामरीकरण किया गया है। जो चार दिन में ही कुछ स्थानों से उखड़ने लगी है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में केवल चार इंच का डामर डाला गया है जिससे डामर सड़क के किनारे की ओर से उखड़ने लगी है। निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सोमवार को कलेक्टर से करने का निर्णय लिया है।

### पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में चल रहा सड़क निर्माण का काम

**खास बातें**

- एक वर्ष पहले मिली थी सड़क निर्माण की स्वीकृति
- दो किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 1 करोड़ 18 लाख स्वीकृत



**पहुंचमार्ग नहीं बने थे जनजाति क्षेत्रों में**

जनजाति क्षेत्रों में बरसों से पहुंचमार्ग का निर्माण नहीं हुआ था जिससे इन क्षेत्रों के निवासियों को बरसात के दिनों में आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई क्षेत्र तो पहुंचविहिन गांव की श्रेणी में आ जाते थे जहां मार्ग में स्थित पहाड़ी नालों में छोटी छोटी पुलिया नहीं थी। पीएम जनमन योजना से सड़क निर्माण के साथ साथ पुल पुलिया भी स्वीकृत किये हैं। जिनमें सड़क निर्माण शुरु हो चुका है। कोरबा और करतला ब्लॉक में इस योजना अंतर्गत 7 सड़कों का निर्माण किया जाना है जिनमें चचिया, सीताबुड़ा, दलदली, बाघमाड़ा, चोकाभाठा, कनसरा, जामभाठा, देवढुवारी, खम्होन आदि वनांचल गांव शामिल हैं। इनमें अभी तक एक ही सड़क ही पूरी हो सकी है और उसमें भी निर्माण को लेकर शिकायतें भी आने लगी है।

### ऑनलाइन टोकन व्यवस्था की गई बंद, 31 जनवरी तक ही हो सकेगी धान खरीदी

# नोडल अधिकारी करेंगे सत्यापन तब कटेगा किसानों का टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

धान खरीदी के दौरान किसानों के ऑनलाइन टोकन काटने की व्यवस्था बंद कर दी गई है। अब समिति के नोडल अधिकारी के द्वारा सत्यापन किये जाने के बाद ही किसानों के टोकन समिति से काटे जाएंगे। ऑनलाइन टोकन काटने की सुविधा से समितियों में धान की आवक तेजी से बढ़ी थी। 31 जनवरी तक सभी समितियों के लिए लगभग टोकन कट चुके हैं और अब इस नई व्यवस्था की शुरु होने से टोकन कटवाना होगा।

जिले में 31 लाख क्विंटल के लक्ष्य को लेकर 15 नवंबर से शुरु हुई धान खरीदी के दौरान 9 जनवरी तक जिले में 16 लाख 37 हजार 968 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है एवं 10 लाख 84 हजार 776 क्विंटल धान का उठाव हो सका है। 52 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। धान बेचने के लिए बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी किसानों को धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन की सुविधा खरीदी के पहले दिन से ही शुरु कर दी गई थी। जिसका परिणाम यह निकला कि ऑनलाइन टोकन लेकर किसान समितियों में धान बेचने खरीदी के पहले दिन से ही पहुंचने लगे थे और दिसंबर मध्य तक खरीदी केंद्रों में धान की आवक तेज होने से धान को रखने की समस्या खड़ी हो गई। तब तक राईस मिलर्स से किये गए अनुबंध के तहत धान उठाव की प्रक्रिया शुरु की गई। इधर 7 जनवरी से ऑनलाइन टोकन काटने की सुविधा राज्य शासन द्वारा बंद कर दी गई है और अब 31 जनवरी तक की स्थिति में किसानों का टोकन कटे हैं। अतिरिक्त टोकन काटने को लेकर किसानों को नोडल अधिकारी से सत्यापन से प्रमाण पत्र लेना पड़ेगा। समिति के नोडल अधिकारी किसानों के घर जाकर उनके यहां रखे हुए धान का रकबे और खसरा नंबर के साथ सत्यापन करेंगे। अगर किसानों के यहां धान रकबे और खसरे के अनुसार मिलेगा तब ही नोडल अधिकारी सत्यापन प्रमाण पत्र जारी करेंगे और उसके आधार पर किसानों का टोकन काटे जाएंगे।

**प्रत्येक समिति में नियुक्त किए गए हैं नोडल अधिकारी**

धान खरीदी की प्रक्रिया में कसावट लाने के लिए सभी समितियों में अलग अलग नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। जिनमें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकरी खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक आदि शामिल हैं। जिन्हें समितियों में नोडल अधिकारियों के रुप में नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों के देखरेख में ही धान की खरीदी हो रही है और उनको ही किसानों के घर जाकर धान का सत्यापन करना होगा।

**अन्य जिलों के लिए काटा गया डीओ**

जिले में धान खरीदी में आवक दिसंबर महीने से ही तेजी से शुरु हो गई थी और आज स्थिति यह है कि वनांचल क्षेत्र के बड़ी समितियों में धान का तेजी से उठाव नहीं होने के कारण धान जाम पड़ा हुआ है। आने वाले धान के लिए रखने के लिए जगह भी नहीं है। कुछ केंद्र ऐसे हैं जहां 8 चबुतरे ही बने हैं और उनमें भी धान की बोरिया चार स्तर में ही रखने का नियम है ताकि उठाव के दौरान या निरीक्षण के दौरान बोरी गिनी जा सके किंतु इस नियम के विपरीत जाकर एक एक चबुतरे में 8 स्तर में धान की बोरी रखी जा रही है। यह स्थिति धान के उठाव नहीं होने के कारण निर्मित हो रही है।

# सीएसपीडीसीएल ने संविदा कर्मियों की हड़ताल पर लगाई रोक



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने संविदा लाइन कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल पर रोक लगा दी है। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय सांकेतिक काम बंद हड़ताल की घोषणा की गई थी, जिसे कंपनी प्रबंधन ने प्रतिबंधित कर दिया है।

विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन राजेंद्र प्रसाद ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी अपनी सेवा शर्तों के अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित हैं और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1968 के अंतर्गत नियंत्रित होते हैं। इन नियमों के तहत कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन, हड़ताल तथा स्वीकृति से पहले अवकाश पर जाना प्रतिबंधित है और इसे कदाचरण की श्रेणी में माना जाता है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई कर्मचारी इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विद्युत सेवा अत्यावश्यक सेवाओं की श्रेणी में आती है, ऐसे में कार्य की निरंतरता बनाए रखना और अपने कार्यक्षेत्र में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करना अनिवार्य है। कंपनी ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल की तिथि पर किसी भी प्रकार की हड़ताल या कार्य बाधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# तीन आरोपियों से 56 लीटर महुआ शराब व 410 किलो लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी उप निरीक्षक मुकेश पाण्डेय, डॉ सुकांत पाण्डेय, जया मेहर, विजेता रानू भगत, नारायण कंवर की सयुंक्त टीम द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर सा. बासाखर्रा निवासी सुरेश कुमार से के कब्जे से 18.5 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं 130 किलो लाहन तथा रोहित कुमार निवासी बासाखर्रा से 33.5 लीटर हाथ भट्ठी शराब एवं 280 किलो महुवा लाहन एवं विपत राम से 4.5 हाथ भट्ठी महुवा शराब बरामत कर उसके ख़िलाफ़ आ. अधि. कि धारा 34(1) (क) (ख) के तहत जमानतीय प्रकरण बनाया गया। पकड़े गए आरोपियों में बासाखर्रा थाना करतला निवासी सुरेश कुमार उम्र 24 साल पिता सीताराम, रोहित कुमार उम्र 25 साल, पिता मानसिंह एवं विपत राम उम्र 40 साल पिता जोहिदा राम के विरुद्ध धारा 34(1) (क) (ख) (च) एवं 34(2), 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**खास बात**

- आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# जिले में संचालित 39 यात्री वाहनों पर 34 हजार रुपए का ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चलती बसों पर बढ़ती आगजनी की घटना पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जिला परिवहन उड़नदस्ता की टीम ने जिले के विभिन्न मार्गों में चलने वाली साधारण व वातानुकूलित बसों में अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक उपायों की जांच की। इस दौरान 39 यात्री वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 34 हजार से अधिक की चालानी कार्यवाही की है।

**खास बातें**

- जिला परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने की यात्री बसों की जांच
- बसों में अग्नि संबंधी आवश्यक उपायों की अनदेखी



कार्रवाई करती परिवहन विभाग की टीम।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में देश के कुछ राज्यों में चलती बसों में आग लगने की घटनाएं घटित हुई है इससे संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ के परिवहन आयुक्त द्वारा यात्री यानों पर जांच के लिए जारी आदेश के क्रम में परिवहन उड़नदस्ता कोरबा प्रभारी अनुपम पटेल और उनकी प्रवर्तन टीम द्वारा कोरबा, कटघोरा, चांपा, सक्ती, जांजगीर के विभिन्न मार्गों में चलने वाली साधारण एवं वातानुकूलित बसों पर अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक उपायों यथा अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार की जांच की गई। यात्री वाहनों की जांच के दौरान अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार, फर्स्ट एड बॉक्स जैसे सुरक्षा उपायों में चूक पाए गए ऐसे 39 यात्री वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं पर चलानी कार्यवाही से 34 हजार 100 रुपए की शमन शुल्क वसूल की गई। प्रवर्तन टीम द्वारा बस चालकों को अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही यात्रियों को भी बस में यदि आग लगने की स्थिति उत्पन्न हो तो उससे कैसे बचे उसके उपायों के बारे में जानकारी साझा की गई। प्रभारी अधिकारी परिवहन उड़नदस्ता अनुपम पटेल ने बस ऑपरेटरों, चालकों से अपनी बसों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की तथा बताया कि बसों की चेकिंग चलानी कार्यवाही अभी आगे भी जारी रहेगी।

### सांसद ज्योत्सना महंत की पत्रकारवार्ता

# मनरेगा में प्रस्तावित बदलाव काम के संवैधानिक अधिकार पर हमला: ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आपका काम करने का अधिकार छीना जा रहा है। मनरेगा के तहत देश भर के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को काम की कानूनी गारंटी प्राप्त थी। देश की किसी भी ग्राम पंचायत में किसी भी परिवार द्वारा काम माँगने पर 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराना अनिवार्य था। अब मोदी सरकार के इन बदलावों के बाद अब यह अधिकार नहीं रहेगा, बल्कि सरकार की मर्जी से बांटी जाने वाली एक रेवड़ी बन जाएगा। मोदी सरकार चुनेगी कि कौन-सी ग्राम पंचायतों को काम मिलेगा और किसे नहीं।



पत्रकारवार्ता के दौरान सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक एवं पूर्व विधायक।

उक्त बातें सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आपका मजदूरी पाने का अधिकार छीना जा रहा है। पहले मनरेगा के तहत काम तय न्यूनतम मज़दूरी पर दिया जाता था, जिसमें हर साल बढ़ोतरी की जाती थी। साल के 365 दिन काम उपलब्ध रहता था, ताकि जरूरत पड़ने पर परिवारों के पास कमाई का विकल्प हमेशा मौजूद रहे। अब मोदी सरकार के इन बदलावों के तहत मजदूरी मनमाने ढंग से तय की जाएगी, न तो न्यूनतम मज़दूरी की कोई गारंटी होगी और न ही हर साल बढ़ोतरी का कोई गारंटी। फसल कटाई के मौसम में काम की अनुमति नहीं होगी, जिससे मज़दूरों की अन्य काम देने वालों से बेहतर मज़दूरी की माँग करने की ताक़त कमज़ोर होगी और उन्हें बिना न्यूनतम मजदूरी के, जो भी काम मिलेगा उसे स्वीकार करने को मजबूर किया जाएगा। आपकी ग्राम पंचायत की शक्तियां ठेकेदारों को सौंपी जा रही हैं। पहले मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों को अपने गाँव के विकास के लिए विभिन्न कार्यों में मज़दूरों को नियोजित करने का अधिकार था। विकास कार्यों की योजना और सिफारिश ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं द्वारा की जाती थी। ठेकेदारों पर प्रतिबंध था, मनरेगा का काम गाँव के विकास के लिए होता था। मजदूरों को स्थानीय मनरेगा मेट्स का सहयोग मिलता था। अब मोदी सरकार के इन बदलावों के बाद सभी फैसले दिल्ली से रिमोट कंट्रोल के ज़रिये लिए जाएंगे। विकास परियोजनाएँ कुछ सीमित श्रेणियों तक सिमट जाएँगी और योजना से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय मोदी सरकार लेगी। ग्राम पंचायत अपना अधिकार खो देगी और केवल मोदी सरकार के आदेशों को लागू करने वाली एजेंसी बनकर रह जाएगी। ठेकेदारों को लाया जाएगा, और मज़दूरों को ठेकेदारों की परियोजनाओं के लिए लेबर सप्लाई में बदल दिया जाएगा। स्थानीय कार्यों के लिए मनरेगा मेट्स नहीं होंगे। आपकी राज्य सरकार को कमजोर किया जा रहा है और उस पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। पहले मनरेगा के तहत आपकी मज़दूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, इसलिए राज्य सरकारें ⏭ शेष पेज 3 पर

### सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

**कोरबा।** मृतका जांजगीर-चांपा जिले के कोसमंदा (चांपा) की रहने वाली बताई जा रही है। महिला और उनके साथ साइकिल पर सवार व्यक्ति रेड क्रॉस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाजार चौक के पास पीछे से आ रही अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं घायल व्यक्ति की पहचान मोहन यादव के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### रेंकी में छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण

**हरदीबाजार।** शासकीय हाईस्कूल रेंकी में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 30 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर सरपंच तीजराम उर्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, उपसरपंच शिव नारायण यादव, दिलीप पटेल मन्नु राठौर, राजकुमार यादव, प्राचार्य श्रीमती एनके सिद्धकी, शिक्षक व्यास नारायण दिवाकर, किशोर कुमार दिव्य सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा हरदीबाजार मंडल की बैठक



**हरदीबाजार।** भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी पि.वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर ने हरदी बाजार मंडल का बैठक लिया। जहां मंडल पदाधिकारियों ने डॉ.विजय राठौर को साल श्री फल भेंट कर सम्मानित किया। डॉ विजय राठौर ने भारतीय जनता पार्टी में दायित्व मिलने पर जिला नेतृत्व और भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया और अपने उद्बोधन में पार्टी के रीति-निति के विषय में विस्तार से बताया।इस अवसर पर मुकेश जायसवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष, जगदीश अग्रवाल वरिष्ठ नेता, भुनेश्वर राठौर वरिष्ठ नेता, तुंगन पटेल ने महामंत्री किसान मोर्चा, बजरंग यादव मंडल उपाध्यक्ष, ब्यास राठौर मंडल कोषाध्यक्ष, दिनेश बाजपेयी, अनुसुईया राठौर, सोनी पटेल, रामबिहारी राठौर, निखिल राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ कौशिक एवं आभार रामेश्वर यादव ने किया।

### धीवर समाज के पारिवारिक मिलन समारोह में शामिल हुए मंत्री

**बालको।** धीवर समाज ट्रस्ट का द्वितीय नव वर्ष एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 5 जनवरी को जूनियर रिक्रिएशन क्लब, एसईसीएल मानिकपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। अन्य अतिथियों में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थिती रहीं। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश और राष्ट्र के उत्थान में प्रत्येक समाज की भागीदारी महत्वपूर्ण है। जब समाज आगे बढ़ता है, तभी देश सशक्त होता है। धीवर समाज मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शो एवं विचारों पर चलने वाला समाज है और इस समाज का प्यार, सहयोग एवं समर्थन उन्हें हमेशा प्राप्त हुआ है। धीवर समाज हेतु सामुदायिक भवन के लिए रु 10 लाख स्वीकृत करने की घोषणा मंच से किया गया एवं उनके द्वारा यह भी विश्वास दिलाया गया कि जल्द ही सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन उनके द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में राजेश धीवर, छतराम धीवर, गणेश राम धीवर, लक्ष्मी जलतारे, कोमल जलतारे, मनोज धीवर, वेदप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### अब सरकार देगी गौवंश के संरक्षण व खुराक के लिए फंड

**कोरबा।** तत्कालीन कांग्रेस सरकार के गौ संरक्षण योजना को पुनर्जीवित करने गौधाम योजना लागू किया है। इसके तहत गौ सेवा आयोग द्वारा कांग्रेस शासनकाल के पुराने गोठानों को फिर से पुनर्जीवित कर इसे ग्रामीण रोजगार की कवायद की जा रही है। इस योजना के तहत सरकार गौ सेवा संगठनों, समितियों और एनजीओ को पुराने गोठानों को सौंप देगी, ताकि समिति नए सिरे से गायों का संरक्षण और संवर्धन कर सके। आयोग द्वारा गौठान की जमीन को इस शर्त पर देने का निर्णय लिया है कि सम्बंधित समिति या एनजीओ को 2सौ गाये रखकर इनकी देखभाल करना होगा, इसके लिए उन्हें प्रतिदिन प्रति मवेशी के हिसाब से 10 रुपये खुराक खर्चा दिया जाएगा। गोठान को लेने वालों को पहले इंफ्रास्ट्रक्चर का खर्च खुद वहन करना होगा। इसका उद्देश्य इन गोठनों के जरिये गौ वंश की रक्षा करना और ग्रामीणों को रोजगार देकर ग्रामीण परिवेश से जोड़ना है। ताकि वे दूध और गोबर से रोजगार कर अपनी स्थिति को सुदृढ कर सके।

## निधन

### रामराज पाल



**कोरबा।** पावर हाउस रोड पानी टंकी मोहल्ला निवासी व हलवाई रामराज पाल (51 वर्ष) शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र व दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# पिट लाइन शुरु करने व भोपाल पैसेंजर को कोरबा से चलाने सांसद को सौंपा ज्ञापन

## रेल संघर्ष समिति, चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी मिले सांसद से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे स्टेशन में बनायी गई पिट लाईन सहित बिलासपुर भोपाल पैसेंजर सहित अन्य बड़ी गाड़ियों को कोरबा से शुरु करने की मांग रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों ने सांसद ज्योत्सना महंत से मिलकर क्षेत्रीय जनता की समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के पद अधिकारियों ने शनिवार को सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत से मुलाक़ात की और रेल समस्याओं को गंभीरतापूर्वक समक्ष रखा। सांसद श्रीमती सांसद ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी रेलवे को पत्र लिखे हैं। आने वाली बैठक में इन मुद्दों पर ज़ोर दिया जाएगा जिससे यह सुविधा कोरबावासियों को मिल सके। रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ कामर्स ने मांग की है जिनमें पिट लाइन को तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए, गाड़ी संख्या 11701 व 11702 जबलपुर रायपुर, जबलपुर मूकमाटी एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तार किया जाना चाहिए। कोरबा, चम्पा, नैला के यात्रियों के लिए कोई सीधी गाड़ी जबलपुर के लिए नहीं है। गाड़ी संख्या 17841, 17842 तिरुपति बिलासपुर तिरुपति एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक यह गाड़ी लगभग 22 घंटे खड़ी रहती है। भोपाल बिलासपुर पैसेंजर 18235 प्राथमिक रखरखाव के बाद गाड़ी संख्या 58212 के समय पर बिलासपुर से कोरबा के मध्य चलाया जाए व गाड़ी संख्या 18236 को सीधा कोरबा से भोपाल पैसेंजर बनाकर चलाया जाए, गाड़ी संख्या 18249, 18250, 18251 एवं 18252 रायपुर कोरबा रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का विस्तार दुर्ग तक किया जाए। भिलाई रुकते हुए इससे इस गाड़ी का प्राथमिक रखरखाव दुर्ग में करने में आसानी होगी व यात्रियों और छात्रों को लाभ मिलेगा।

**खास बातें**
- कोरबा-चांपा-जांजगीर जिले से जबलपुर के लिए नहीं है सीधी ट्रेन



## टीबी मरीजों को निक्षय मित्र अंतर्गत वितरित किया पोषण आहार

# टीबी से घबराने की जरूरत नहीं, इलाज संभव : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीबी का उपचार पूरी तरह संभव है, अनुपयोगी खानपान और अस्वास्थ्यकर आदतों के कारण यह बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार 6 माह तक की नियमित दवा का सेवन आवश्यक है। इसलिए पीड़ित को उपचार अवधि में पूरक पोषण आहार, स्वच्छता और सावधानियों का पालन करना चाहिए ताकि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और इलाज अधिक प्रभावी हो सके।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्टोरेट में आयोजित टीबी मरीजों को आहार वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी जैसे रोग को जड़ से मिटाने का अभियान स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निरन्तर प्रयास से प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक टीबी सहित अन्य बीमारियों के रोकथाम और उपचार के लिए सतत प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाजनिक उपक्रमों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सशक्त अभियान चलाया जा रहा है। निक्षय निरामय मित्र के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में मरीजों की संख्या पहले से घटकर कम हो गई है। आने वाले समय में सभी मरीजों का उपचार होगा और जिला टीबी मुक्त होगा। उन्होंने टीबी मरीजों के बेहतर उपचार में परिवार, समाज और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए सहयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, गोपाल मोदी, सीएमएचओ डा एसएन केशरी, क्षय अधिकारी डॉ बीआर रात्रे, अपर कलेक्टर ओंकार यादव, एसडीएम सरोज महिलांगे उपस्थित रहे।



मरीजों को पोषण आहार किट वितरण करते उद्योग मंत्री एवं अन्य।

## सीएम विष्णुदेव साय आज कोरबा प्रवास पर, यातायात में रहेगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 11 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचेंगे। इस दौरान वे आईटीआई तानसेन चौक के समीप संचालित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में आयोजित बैगा पुजेरी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय गौरा-गौरी पूजा कार्यक्रम में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मुख्यमंत्री के कोरबा आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर रिसदी मार्ग स्थित पुलिस लाइन मैदान में उतरेगा। इसके बाद वे सड़क मार्ग से कार द्वारा कार्यक्रम स्थल वनवासी कल्याण आश्रम पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के प्रवास और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा रूट डायवर्जन लागू किया गया है। इस संबंध में यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों का चार्ट जारी किया है, ताकि आमजन को आवागमन में असुविधा न हो। मुख्यमंत्री के काफिले के गुजरने के दौरान संबंधित मार्गों पर अस्थायी रूप से यातायात नियंत्रित रहेगा और जरूरत अनुसार वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट किया जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जारी किए गए ट्रैफिक चार्ट का पालन करें और अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर जिले में प्रशासनिक और सुरक्षा स्तर पर सतर्कता बढ़ा दी गई है।



सीएम साय।

## कोड़ियाघाट में 8 लाख की लागत से बनने वाली पुलिया का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत तिलाईडांड के आश्रित ग्राम कोड़ियाघाट में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत 8 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह कार्य विशेष रूप से बरसात के मौसम में आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। भूमिपूजन के दौरान मोहन सिंह एवं सरपंच डिग्पाल सिंह कंवर के नेतृत्व में पूजा-अर्चना किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि गांव के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी। लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी इसी तरह धरातल पर दिखने वाले विकास कार्य होते रहेंगे और कोड़ियाघाट विकास की नई राह पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर परसराम, सोहन, मनमोहन, धनसिंह, रामकुमार तंवर, पंच कृष्णा बाई, साधना चौहान, लक्ष्मी सिंह कंवर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



पुलिया का भूमिपूजन करते हुए।

## सरपंचों व सचिवों पर दबाव बनाकर लिए जा रहे प्रस्ताव: मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रशासन द्वारा लगभग चार प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों पर दबाव बनाकर जबरन प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। इसका मकसद रूंगटा कोल माइंस के लिए भूमि अधिग्रहण की प्राथमिक प्रक्रिया शुरू करना है। क्षेत्र में पहले से ही दो कोयला खदानें संचालित हैं, जिनके कारण पर्यावरण, जल, जंगल और स्थानीय आजीविका पर गंभीर असर पड़ा है। एक और खदान खुलने से आदिवासी समाज का अस्तित्व संकट में आ जाएगा।

उक्त बातें विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड स्थित पुटी पखना में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) द्वारा आयोजित महापंचायत जन आंदोलन के दौरान कही। विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम के नेतृत्व में आयोजित महापंचायत जन आंदोलन में ग्रामीण आदिवासी शामिल हुए। आंदोलन का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार पट्टे की मांग और रूंगटा कोल माइंस खदान के प्रस्तावित विस्तार का विरोध करना था। इस दौरान श्री मरकाम ने चेतावनी दी कि जो ग्राम पंचायतें खदान के लिए सहमति देंगी, उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी जमीन हमारा कोयला है। ग्रामीण ही फैसला करेंगे कि जमीन देनी है या नहीं। पसान तहसीलदार ने जानकारी दी कि खदानों और वन अधिनियम के तहत पट्टे की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया है, जिसे उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा।

**खास बातें**
- गोगपा के नेतृत्व में आयोजित किया गया महापंचायत जन आंदोलन
- खदान के लिए सहमति देने वाले ग्राम पंचायतों के खिलाफ लाया जाएगा अविश्वास प्रस्ताव



महापंचायत में शामिल विधायक एवं अन्य।

**खदान से 13 गांव प्रभावित**

जनपद सदस्य संतोषी मरावी ने बताया कि प्रस्तावित खदान से 298 हेक्टेयर जमीन, 6 ग्राम पंचायतें और 13 गांव प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि यहां के लोग लंबे समय से काबिज हैं, लेकिन उन्हें अब तक वन पट्टा नहीं मिला है, जिसकी मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पहले से संचालित रानी अटारी और विजय वेस्ट कोयला खदानों के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं, जिससे वे काफी परेशान हैं।

## ड्यूज बाल क्रिकेट में एनटीपीसी ब्लेक पेंथर ने जीता मैच



मंचस्थ अतिथि।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सिंघिया खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में हो रहे मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा के व्यवसायी राकेश धनोंदिया, टूर्नामेंट के संरक्षक अजय धनोंदिया, सरपंच, प्राचार्या, कोच विशाल दुबे व आयोजक मनोज दुबे मंचस्थ रहे। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान राकेश धनोंदिया ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विद्यालय है। जो खिलाड़ी मैदान में संघर्ष करना सीख लेता है, वही जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकता है। मेहनत, ईमानदारी और लगन से खेलेंगे तो निश्चित रूप से आप जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सरपंच ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिंघिया जैसे छोटे कस्बे में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करना अपने आप में बड़ी बात है। इससे ग्रामीण और कस्बाई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। शनिवार को खेले गए मैच में एनटीपीसी ब्लेक पेंथर एवं वीडब्लूसीसी बिलासपुर के मध्य खेला गया। जिसमें एनटीपीसी ब्लेक पेंथर ने शानदार जीत हांसिल की। मैच में मैन आफ द का पुरस्कार पटेल को दिया गया।

### बीच सड़क में पलटा ट्रैलर बाल बाल बचे लोग

**कोरबा।** टीपी नगर चौक से मानिकपुर जाने के दौरान मुड़ापार रोड में एक ट्रैलर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक को मामूली चोट आई है। वहीं मार्ग से गुजर रहे कई लोग ट्रैलर की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। उल्लेखनीय हैं कि इस मार्ग में रात 10 बजे से भारी वाहनों की नो एंट्री खुल जाती है, आरोप हैं कि ट्रैलर वाहन के चालक रेसिंग कार की तरह अपनी ट्रैलर को भगाते है। यदि कोई इनके गाड़ी के सामने आ गया तो इमरजेंसी में भी ब्रेक लगाना मुश्किल है। घटना सृष्टि हार्डवेयर के सामने की बताई जा रही हैं, जहां ट्रैलर अनियंत्रित होकर पलट गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मनरेगा में...

बिना किसी कठिनाई के काम उपलब्ध करा पाती थीं। अब राज्य सरकारों को आपकी मज़दूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा स्वयं वहन करना होगा। खर्च बचाने के लिए संभव है कि वे काम बिल्कुल भी न दें। मनरेगा पिछले 20 वर्षों से भारत के मजदूरों की जीवनरेखा रही है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब मोदी सरकार ने बिना किसी योजना के लॉकडाउन लागू कर दिया, उसके चलते लाखों प्रवासी मज़दूर घर लौटने को मजबूर हुए और काम से वंचित हो गए। ऐसे समय में मनरेगा ने 4.6 करोड़ परिवारों को रोज़गार दिया था। वर्ष 2006 में लागू होने के बाद से अब तक मनरेगा के तहत कुल मिलाकर 180 करोड़ से अधिक कार्य-दिवस सृजित किए जा चुके हैं। मनरेगा के तहत लगभग 10 करोड़ परिसंपत्तियों का निर्माण किया गया, जिनमें गाँवों के तालाब और ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। इस दौरान पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, दुलेश्वरी सिदार, हरीश परसाई, श्यामसुंदर सोनी, सपना चौहान, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, निगम नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में अंतर विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, कोरबा के भव्य सभागार में 9 जनवरी को अंतर-विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता का अत्यंत सफल एवं रंगारंग आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की थीम स्पंदन रखा गया था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के भावों, संस्कृति, ऊर्जा और रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि नृत्य जैसी सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास अनुशासन और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह, समर्पण एवं शानदार प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। विद्यालय के निदेशक दिलीप कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास को भी समान महत्व देता है। विद्यालय के प्राचार्य डीएस राव ने सभी प्रतिभागी विद्यालयों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उप-प्राचार्या श्रीमती कीर्ति हर्रिट हेड मास्टर जगजीत सिंह भट्टी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय स्टाफ ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता में कुल 9 प्रतिष्ठित विद्यालयों (आर्यन पब्लिक स्कूल, त्रिलोकी पब्लिक स्कूल, लायन पब्लिक स्कूल, सर्वमंगला पब्लिक स्कूल, सेंट विनसेंट पब्लिक स्कूल, निर्मला सीबीएसई स्कूल, कैरियर पब्लिक स्कूल, सेंट जैविएर्स पब्लिक स्कूल, डीपीएस बाल्को ने भाग लिया। सभी विद्यालयों ने शास्त्रीय, लोक, फ्यूजन एवं समकालीन नृत्य शैलियों में आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

प्रत्येक प्रस्तुति में स्पंदन थीम को सजीव रूप में दर्शाया गया। निर्णायक मंडल द्वारा गहन मूल्यांकन के पश्चात परिणाम घोषित किए गए प्रथम पुरस्कार सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार सेंट विंसेंट पैलोटी स्कूल, तृतीय पुरस्कार डीपीएस बालको ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं प्रतिभागी विद्यालयों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।



## खबर संक्षेप



### केबिनेट मंत्री ने किया कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ

**कोरबा।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह जैलगांव चौक लाल मैदान में आयोजित हुआ। अतिथि स्वरूप कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, सांसद दुर्ग विजय बघेल, संरक्षक कोरबा कबड्डी एसोसिएशन डॉ.हरीश नायक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, शेर सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, शशिकांत बघेल, मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे, नारायण ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्राचार्य व समाजसेवी द्वारा किया वस्त्र वितरण

**मड़वारानी।** विकासखंड करतला में पदस्थ प्राचार्य डॉ जगन्नाथ हिमधर द्वारा अपने पिता कुनूराम हिमधर के 34 वें पुण्यतिथि पर ग्राम नवापारा डोंगआमा में बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को धोती, लुगरा और कंबल का वितरण किया। इस दौरान हिमधर की पत्नी डॉ गीतादेवी हिमधर भी उपस्थित रहीं। उन्होंने उपस्थित लोगों को शिक्षा के महत्व को बताकर मोटिवेशन किया। डॉ हिमधर दंपत्ति द्वारा 25 से अधिक लोगों को वस्त्र वितरण किए।

फोन कर मिलने बुलाया था, वहां चार दोस्त भी पहुंचे

# प्रेमी ने दोस्तों संग मिलकर किया प्रेमिका के साथ गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेमी ने अपने प्रेमिका को मिलने के बहाने बुलाया और अपने दोस्तों के साथ मिलकर गैंगरेप किया। प्रेमी ने पहले खुद प्रेमिका के साथ अनाचार किया, इसके बाद डायल 112 के चालक और उसे दोस्त के अलावा दो और नकाबपोश युवकों ने बारी बारी युवती के साथ सामूहिक बालात्कार किया। इस दौरान युवकों ने युवती को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

**खास बात**

- प्रेमी व डायल 112 का चालक गिरफ्तार, तीन फरार

हालांकि युवती किसी तरह उनके चंगुल से निकलकर पुलिस के पास पहुंची औरअपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं तीन फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक 18 वर्षीय युवती बर्तन दुकान में काम करती है। बांकीमोंगरा में ही निवासरत तरुण श्रीवास 21 वर्ष का उक्त बर्तन दुकान में आना-जाना था, इसी दौरान तरूण श्रीवास और युवती के बीच दोस्ती हो गई और धीरे-धीरे यह दोस्ती प्यार में बदल गई। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई , कि 8 व 9 जनवरी की दरमियानी रात उसके प्रेमी तरुण श्रीवास ने उसे फोन कर मिलने बुलाया और अपनी गाड़ी में बैठाकर गजरा कॉलोनी के एक मकान में ले गया। वहां शराब पीने के बाद तरूण ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान तरुण के चार दोस्त भी मौके पर पहुंच गए। इनमें एक डायल 112 का ड्राइवर भुवन साहू और गणपत दास थे, जबकि दो युवक नकाब लगाए हुए थे। चारों युवकों ने बारी-बारी से युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किया। इसके बाद आरोपियों ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती किसी तरह वहां से निकलकर पुलिस के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने एसपी कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस को तत्काल मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। बाद में जांच के लिए इसे संबंधित बांकीमोंगरा थाना भेजा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर ने बताया कि 8 और 9 जनवरी की दरमियानी रात पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में शिकायत की थी। इस मामले में तरुण श्रीवास और डायल 112 के चालक भुवन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। कुल पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है और तीन फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



आरोपियों को गिरफ्तार करती पुलिस।

## मकान में खड़े वाहन के पार्ट्स ले भागे चोर

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र में इन दोनों चोरों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है। आलम यह है कि रात होते ही घर के अंदर खड़े दोपहिया वाहन के पाट्र्स को शातिर तरीके से चोरी कर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि एचटीपीएस आवासीय परिसर के अलखनंदा विहार के मकान क्रमांक एफ 9 को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। यहां निवासरत अजय राय के घर 6 जनवरी की रात लगभग रात्रि 1 बजे आंगन में खड़े बुलेट वाहन से नंबर प्लेट, हेड लाईट, हॉर्न सहित कई महंगे पाट्र्स की चोरी कर ली गई। वहीं पास स्थित ऑटो पाट्र्स के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्ध युवक कैद भी हुए है। जिसकी लिखित शिकायत अजय राय द्वारा दर्री थाने में की गई बावजूद कई ठोस कारवाही नहीं हुई है। वहीं आवासीय परिसर में और विद्युत संयंत्र के भीतर से भी चोरी बदस्तूर जारी है। लगातार घट रही चोरी की वारदात से क्षेत्र में पुलिसिया पेट्रोलिंग पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, बाल-बाल बची महिला टीचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा के दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत आजाद चौक के पास एक सड़क हादसा हुआ। यहां स्कूल से घर लौट रही एक टीचर को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टीचर स्कूटी समेत कार के पहिए के नीचे आने से बाल-बाल बच गई, हालांकि उनके पैर में चोट आई है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

एसईसीएल ऊर्जा नगर कॉलोनी निवासी टीचर रीना सिंह शुक्रवार शाम करीब 4 बजे प्राथमिक शाला केंद्र से छुट्टी के बाद घर लौट रही थीं। आजाद चौक के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने घायल शिक्षिका की मदद की। रीना सिंह को प्राथमिक उपचार के लिए एसईसीएल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। उनके पैर में चोट आई है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि शिक्षिका रीना सिंह ने इस संबंध में दीपका थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



सीसीटीवी में कैद दुर्घटना की तस्वीर।










